## मुख्यमंत्री मोहन यादव, प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, कैलाश विजयवर्गीय एवं लखन पटैल दद्दाधाम पहुंचे

# तीर्थस्थलों की तरह दद्दाधाम की प्रसिद्धि के करेंगे प्रयास : सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





झिझरी स्थित दद्दा धाम में चल रहे प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के चौथे दिन प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार की शाम 4:23 बजे हेलीकॉप्टर से कटनी जिले के झिंझरी स्थित हेलीपेड पर आगमन हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के हेलीपेड आगमन पर परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री और कटनी जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायक संजय सत्येंद्र पाठक,विधायक बहोरीबंद प्रणय प्रभात पांडेय, विधायक बड़वारा धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, भाजपा जिलाअध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, शहडोल सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव की यहां हेलीपैड पर डीआईजी अतुल सिंह, कलेक्टर आशीष कुमार तिवारी और पुलिस अधीक्षक अभिनव विश्वकर्मा ने गुलदस्ता भेंट कर अगवानी की। इसके अलावा पूर्व जिला अध्यक्ष रामरतन पायल, पीतांबर टोपनानी, चमनलाल आनंद, रामचंद्र तिवारी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री डॉ.यादव का स्वागत किया। इस दौरान हेलीपेड के समीप कतारबद्ध तरीके से खड़े जनप्रतिनिधियों ने भी मुख्यमंत्री डॉ यादव का गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. यादव हेलीपेड से दद्दा धाम में आयोजित दद्दा महोत्सव में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

मुख्यमंत्री श्री यादव अतिथियों सहित सबसे पहले गृहस्थ संत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री दद्दाजी की समाधि स्थल पहुंचे और माथा टेक कर दद्दाजी का आशीर्वाद लिया। इसके बाद सभी अतिथि दद्दा जी के नवनिर्मित मंदिर पहुंचे, जहां सभी ने वैदिक मंत्रों के साथ दद्दाजी की पूजा अर्चना की। मंदिर में दद्दा जी के दर्शन करने के बाद सभी अतिथि कथा स्थल पहुंचे। कथा व्यास पर पहले से सुप्रसिद्ध कथा वाचक पंडित इंद्रेश उपाध्याय महराज, पंडित अनिरुद्धाचार्य महराज, पंडित मोहित सगन गोस्वामी महराज विराजमान थे।

कथा व्यास पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, पूर्व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद व्ही डी शर्मा, पूर्वमंत्री एवं विधायक संजय सत्येंद्र पाठक व फिल्म अभिनेता आशुतोष राणा के आते ही कथा स्थल तालियों की गड़बड़ा हट से गुंज उठा। कथा व्यास से विधायक संजय सत्येंद्र पाठक ने मुख्यमंत्री और अन्य अतिथियों का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में पधारने पर आभार व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री श्री यादव को संबोधित करने आमंत्रित किया।

कथा स्थल के कथा व्यास से उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने पहले तो परम पूज्य दद्दाजी के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि शिरडी और दूसरे तीर्थ स्थलों की तरह कटनी का दद्दा धाम प्रसिद्ध हो इसके प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री यादव ने आगे कहा कि मध्यप्रदेश सरकार युवाओं में हिंदू धर्म के प्रमुख ग्रंथों पर भी एक प्रतियोगिता पूरे प्रदेश में आयोजित करने जा रही है और इसकी शुरुआत प्रमुख हिन्दू धर्म के मुख्य धर्मग्रंथ श्रीमद भागवत गीता से की जा रही है। आने वाले समय में पूरे प्रदेश में श्रीमद भागवत गीता पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएगी। इससे युवाओं में अपने धर्म ग्रंथों को जानने का अवसर मिलेगा।

### अनुष्ठान में बने सहभागी

नगरीय विकास एवं आवास, संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बुधवार को झिंझरी स्थित श्रीकृष्ण वृद्धाश्रम प्रांगण, दद्दा धाम में नवनिर्मित मंदिर में परम पूज्य गुरुदेव दद्दाजी के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शिरकत किया। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री विजयवर्गीय ने श्रद्धा के साथ दद्दा जी की समाधि को प्रणाम किया, पूजा-अर्चना कर पुष्पमाला अर्पित की। पशुपालन एवं डेयरी विकास राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल बुधवार को झिंझरी स्थित दद्दा धाम पहुंच कर गृहस्थ संत पंडित देवप्रभाकर शास्त्री "दद्दा जी" के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल हुए । इस अवसर पर उन्होंने पूज्य दद्दा जी के समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर नमन किया एवं प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में सहभागी बनें।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक आज

**कटनी।** एमएसएमई प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत श्जिला स्तरीय सहायता समिति की बैठक कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गुरूवार 13 नवंबर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सायं 4 बजे आयोजित की गई है। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, कटनी की महाप्रबंधक ज्योति सिंह चौहान ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैठक के दौरान उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

### फेस आधारित उपस्थिति की गणना अनुरूप ही होगा वेतन भुगतान

**कटनी।** प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में केन्द्रीयकृत फेस आधारित उपस्थिति प्रणाली लागू की जा चुकी है। शासन निर्देशों के अनुपालन तथा निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के मार्गदर्शन में नगर निगम कटनी में भी यह व्यवस्था एक नवम्बर से अनिवार्य रूप से प्रभावशील कर दी गई है। उपायुक्त शैलेश गुप्ता ने बताया कि यह प्रणाली निकाय में कार्यरत सभी शासकीय एवं अशासकीय कर्मचारियों पर समान रूप से लागू होगी। यह प्रणाली कर्मचारियों की उपस्थिति प्रक्रिया को अधिक सुगम, पारदर्शी और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निगम कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियों के वेतन एवं भुगतान इसी फेस आधारित उपस्थिति के आधार पर किए जाएंगे। वर्तमान में निगम कार्यालय में पदस्थ 1 हजार 470 कर्मचारियों ने इस प्रणाली में अपना पंजीयन पूर्ण करा लिया है। उपायुक्त ने निगम अधिकारी एवं कर्मचारियों को शासन निर्देशानुसार लागू व्यवस्था के अनुरूप ही केन्द्रीयकृत फेस आधारित उपस्थिति में रोजाना अपनी उपस्थिति दर्ज करने के निर्देश देते हुए विभागीय अधिकारियों को कर्मचारियों के वेतन एवं भुगतान की कार्यवाही फेस आधारित उपस्थिति के आधार पर ही किए जाने हेतु निर्देशित किया है।

### सूने घर में ताला तोड़कर जेवरात व नकदी किये पार



**सिलौंडी।** चौकी के ग्राम दशरमन में विगत रात एक सुने मकान में ताला तोड़कर लाखों रुपये कीमती जेवरात सहित नकदी रूपए चोरो ने पार कर दिया। चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने बताया विगत रात दशरमन निवासी शिव कुमार गर्ग के सुने घर में अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर लगभग 3 लाख रुपया जिसमें सोने और चांदी के गहने ,नगद राशि की चोरी घटना हुई है ।पुलिस मामला कायम कर जांच कर रही है । इसी तरह माधवनगर थाना क्षेत्र अंतगर्गत विश्राम बाबा वार्ड में चोरी की वारदात हुई। पुलिस के अनुसार पूजा यादव यादव 32 ने अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि चोरो ने घर से 10 मोती एक मंगलसूत्र, सोना का पेंडल सोने की एक जोडी टॉप्स, चांदी अंगुठी, एक जोडी चाँदी की पायल पार कर दिया।

*जिला स्तरीय युवा उत्सव के तहत साहित्यिक एवं रूपांकन गतिविधियां हुईं*

## युवा उत्सव में किताबी ज्ञान के अलावा अपनी प्रतिभाओं का भी प्रदर्शन करते हैं छात्र छात्राएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय कटनी में बुधवार को महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार बाजपेई की अध्यक्षता एवं डॉ. माधुरी गर्ग के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय युवा उत्सव के अंतर्गत विभिन्न साहित्यक एवं रूपांकन गतिविधियों की प्रस्तुतियों का आयोजन संपन्न हुआ।

अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन अवसर में डॉ. सुनील कुमार बाजपेई ने जिले का विभिन्न महाविद्यालय से आए प्रतिभागियों, दल प्रभारियों एवं सम्मानित प्राचार्यों का स्वागत उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि यह युवा उत्सव युवाओं का पर्व है जहां छात्र-छात्राएं किताबी ज्ञान के अतिरिक्त अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हैं तथा सभी प्रतिभागियों को उन्होंने अपनी शुभकामनाएं दी।

जिले के महाविद्यालयो के क्रमों का निर्धारण लॉटरी के माध्यम से किया गया। जिसमें 16 महाविद्यालय सम्मिलित हुए। इस अवसर पर वाद विवाद, वक्तव्य कला, प्रश्न मंच, पोस्टर, कोलाज, रंगोली, चित्रकला, क्ले मॉडलिंग एवं कार्टूनिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

प्रतिभागियों के निर्णायक मंडल में लक्ष्मी नायक, रमाकांत निगम, रामखेलावन गर्ग, सतीश आनंद, श्रीमती वंदना गिलानी, सुनीता चौदहा का भी सम्मान किया गया। प्रतिवाद समिति में डॉ. हेमलता गर्ग, डॉ. सुषमा श्रीवास्तव, डॉ. विनय बाजपेई, डॉ. अमिताभ पांडे एवं अंक गणना समिति में उर्मिला दुबे, वंदना मिश्रा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

महाविद्यालयों की व्यापक भागीदारी इस साहित्यिक रूपांकन विधा में दिखाई दी। जिसमें शासकीय तिलक महाविद्यालय कटनी, शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी, शासकीय महाविद्यालय बरही, शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद सहित 16 महाविद्यालयो के प्रतिभागियों की सक्रिय सहभागिता रही।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. एमपी यादव, डॉ. अनिल तौहेल, श्री अजय कुररिया, डॉ. व्ही के द्विवेदी (व्यवस्था प्रभारी), डॉ. किरण खरादी, डॉ. रुक्मिणी प्रताप सिंह, राजेश साहू, अतुल कुमार मौजूद रहे

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने दद्दाधाम पहुंचकर लिया आशीर्वाद



गृहस्थ संत परम पूज्य गुरुदेव पं. देवप्रभाकर शास्त्री दद्दा जी के विग्रह के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में बुधवार को प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने पहुंचकर सहभागिता निभाई। इस अवसर पर उन्होंने धार्मिक अनुष्ठानों में सम्मिलित होकर पूजन-अर्चन किया एवं परम पूज्य दद्दा जी के समाधि स्थल पहुंचकर उनके श्रीचरणों में नमन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर साधु-संत एवं आमजन मौजूद रहे।

## योजनावार प्रगति की समीक्षा, लापरवाह लोक सेवकों की वेतन कटौती करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिला पंचायत की सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर के निर्देश पर सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के संतुष्टि पूर्ण निराकरण हेतु जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों द्वारा निरंतर प्रयास कर समाधान किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में बीते दिन जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी युजवेंद्र कोरी ने सहायक यंत्री, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा एवं शाखा प्रभारियों और सचिवों की बैठक जनपद के सभा कक्ष में आयोजित कर शिकायतों के निराकरण की प्रगति की समीक्षा की। अत्यधिक शिकायतें लंबित रहने की दशा में ग्राम पंचायत पिपरिया सहलावन, कछारगांव छोटा, पौनिया, अतरिया, पहरुआ , हरदी, सनकुई ग्राम पंचायत के सचिव की शो काज नोटिस जारी कर शिकायतों का दो दिवस में संतुष्टि पूर्ण निराकरण कराने के निर्देश दिए।

जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने समीक्षा के दौरान ग्राम पंचायत परसेल के सचिव और अतरिया के ग्राम रोजगार सहायक के अनुपस्थित रहने पर नाराजगी जताते हुए दो-दो दिवस के वेतन कटौती के निर्देश दिए। श्री कोरी ने एपीओ मनरेगा और सहायक यंत्री को पोर्टल पर प्रदर्शित होने वाले मनरेगा के पुराने प्रगतिरत कार्यों की सीसी जारी करने के निर्देश दिए। समीक्षा करते हुए जनपद पंचायत के सीईओ श्री कोरी ने जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों के निराकरण नियत समय सीमा में करने के निर्देश सेक्टर सुपरवाइजर को दिए। बैठक में सहायक यंत्री अजय केसरवानी, एपीओ मनरेगा एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों कर्मचारियों की मौजूदगी रही।

जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा के सीईओ श्री कोरी ने गत दिवस मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से स्वीकृत एवं बीस लाख रुपए की लागत से ग्राम पंचायत सागौना में निर्माणाधीन सामुदायिक भवन का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रगति का जायजा ले गुणवत्ता को परखा। उन्होंने निर्माण एजेंसी और उपयंत्री को तय समय सीमा में तकनीकी मानकों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण निर्माण के निर्देश दिए।

*गणना पत्रक में जानकारी भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराएं*

## एसडीएम ने किया गणना पत्रक वितरण कार्य का निरीक्षण, बीएलओ को निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष तिवारी के निर्देश पर विधानसभा-93 मुड़वारा के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक 243 कार्यालय परियोजना संचालक आत्मा विश्राम बाबा वार्ड 44 में एसडीएम कटनी प्रमोद चतुर्वेदी ने गणना पत्रक वितरण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने बीएलओ को निर्देशित करते हुए कहा कि मतदाताओं को गणना फार्म भरने की प्रक्रिया एवं जानकारी से अवगत कराया जाये, ताकि त्रुटि की संभावना न रहे। एसडीएम द्वारा उपस्थित मतदाताओं को गणना पत्रकों का वितरण किया गया तथा उन्हें एसआईआर एवं गणना पत्रक भरने व वापस जमा करने की प्रकिया से अवगत कराया। एसडीएम चतुर्वेदी द्वारा सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के तहत सभी मतदाता अपने बीएलओ से गणना पत्रक प्राप्त करें एवं उसमें जानकारी भरकर वापस बीएलओ को अनिर्वाय रूप से उपलब्ध करायें।

उल्लेखनीय है कि एसडीएम कटनी श्री चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में SIR कार्यवाही चल रही है, जिसके तहत बीएलओ द्वारा डोर-टू-डोर जाकर गणना पत्रकों का वितरण किया जा रहा है। विधानसभा अंतर्गत समस्त मतदान केन्द्रों के बीएलओ एवं उनके सुपरवाइजरों से गणना पत्रकों के वितरण प्रगति की सतत समीक्षा की जा रही है। बीएलओ के सहयोग हेतु स्थानीय अमले यथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, पटवारी, वार्ड प्रभारी, अन्य मैदानी अमले को भी नियोजित किया गया है। ताकि समय-सीमा में एसआईआर की कार्यवाही पूर्ण कराई जा सके। साथ ही बीएलओ एवं उनके सुपरवाइजरों को निर्देशित किया गया है कि वितरित किये जा रहे गणना पत्रकों की जानकारी बीएलओ एप में भी दर्ज की जावे, ताकि निर्वाचन आयोग के पोर्टल पर प्रगति परिलक्षित हो सके।

*किसानों को ज़रूरत के मुताबिक मिलेगी पर्याप्त खाद*

## जिले के लिए आई 4240 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया और एनपीके खाद की रैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



जिले में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर शआशीष तिवारी द्वारा वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों से निरंतर संवाद और सार्थक प्रयासों की वजह से वर्तमान में रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया और एनपीके खाद की कुल 4 रैक बुधवार को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ गई है। इससे कटनी को 4240 मीट्रिक टन उर्वरक मिली है। जिसमें 2690 मीट्रिक टन यूरिया और 1550 मीट्रिक टन एनीपीके शामिल है। झुकेही रैक पाइंट से परिवहन कर खाद जिले में लाई जा रही है। जिले में अब खाद की पर्याप्त उपलब्धता है।

### वितरण व्यवस्था पर रखें नजर

कलेक्टर ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

उपसंचालक कृषि डॉ. आर एन पटेल ने बताया कि रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र और बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 310-310 मीट्रिक मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 230 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 975 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा और सीएमएस बाकल को 90-90 मीट्रिक टन, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 85-85 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। एमपी एग्रो कटनी को 170 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 200 मीट्रिक टन एनपीके, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 180 मीट्रिक मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 120 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 600 मीट्रिक टन एनपीके उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 60-60 मीट्रिक टन एनपीके तथा सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा और प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़ को 30-30 मीट्रिक टन एनपीके आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन एनपीके खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

## सुर्खी टैंक के पास अनियंत्रित ट्रक पलटा, कोई हताहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बड़वारा थाना अंतर्गत सुर्खी टैंक के पास बुधवार दोपहर लोहे की भारी कोइल से लदा एक ट्रक स्टेयरिंग फेल होने के कारण बेकाबू होकर पलट गया। इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई। ट्रक के चालक व परिचालक दोनों सुरक्षित बच गए। हादसा करीब 11 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक MP 20 HB 4126 लोहे की कोइल से भरा था और सुबह चंदिया से मऊगंज के लिए रवाना हुआ। इस दौरान सुर्खी टैंक के पास पहुंचा तो अचानक ट्रक की स्टेयरिंग फेल हो गई। बेकाबू होने के कारण भारी वजन से लदा ट्रक बेकाबू हो गया और सड़क के किनारे पलट गया। ट्रक पलटने की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास के इलाके में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। दुर्घटना के बाद मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया। हादसे में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया लेकिन किसी को कोई गंभीर चोट नहीं आई। पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

## खबर संक्षेप



### दवा व्यवसाय के वरिष्ठता का उत्कृष्ट सेवा सम्मान

**विजयराघवगढ़।** दवा विक्रेता संघ संगठन के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें दवा विक्रेता संघ के प्रांतीय अध्यक्ष एवं जिले के समस्त दवा व्यवसाईयों द्वारा धनवंतरी जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। इसके उपरांत समस्त दवा विक्रेताओं द्वारा प्रांतीय अध्यक्ष गौतम चंद्र धीग का तिलक लगा कर माल्यार्पण से स्वागत किया गया। जिले के समस्त दबा व्यवसाईयों की ओर से नगर के वरिष्ठ दवा व्यवसायी एवं पूर्व अध्यक्ष शिवकुमार पांडे का प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा तिलक लगाकर साल श्रीफल से स्वागत कर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिले के दवा विक्रेता संघ के समस्त सदस्यों द्वारा श्री पांडे का करतल ध्वनि से स्वागत कर उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की गई।

### डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, स्वच्छता में करें सहयोग

**कटनी।** निगम द्वारा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में सफाई कर्मियों को समय पर उपस्थिति और जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए गए हैं। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों से निकलने वाला कचरा निर्धारित समय पर निगम के वाहनों को ही दें और सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने से बचें। निगम प्रशासन का मानना है कि स्वच्छता अभियान तभी सफल होगा जब इसमें नागरिकों का सक्रिय सहयोग मिलेगा। इसके साथ ही निगम प्रशासन द्वारा सुचारू जल निकासी हेतु विभिन्न क्षेत्रों में नाली नालों से अपशिष्ट एवं सिल्ट का उठाव कार्य भी समय समय पर किया जा रहा है जिससे जल निकासी व्यवस्था सुगम बनी रहे। निगम आयुक्त सुश्री तपस्या परिहार ने कहा कि "स्वच्छ शहर, सुंदर शहर तभी संभव है जब प्रत्येक नागरिक अपनी जिम्मेदारी समझे।" उन्होंने आमजन से अनुरोध किया कि वे निगम के स्वच्छता कर्मियों के सहयोगी बनें और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**कटनी।** जिले में चल रहे फोटो निर्वाचन नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य के मद्देनजर कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले में पदस्थ एवं कार्यरत समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने आदेश में स्पष्ट कहा है कि विशेष परिस्थितियों में यदि किसी अधिकारी या कर्मचारी को अवकाश की आवश्यकता होती है, तो उन्हें जिला पंचायत सीईओ से अवकाश स्वीकृत कराना होगा, उसके उपरांत ही वे अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे। यह पुनरीक्षण कार्य 7 फरवरी 2026 तक निर्धारित किया गया है। प्रतिबंध इसी अवधि तक प्रभावी रहेगा।

## पत्राचार एवं बजट का अभाव का राग अलापकर की जा रही अनदेखी

# दशक भर से ज्यादा समय से अटकी पड़ी है जिले में हवाई पट्टी की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में वर्षों पुरानी हवाई पट्टी की मांग अधर में लटकी हुई है। जिले में औद्योगि विकास की संभावनाओं के मददेनजर हवाई पटटी के निर्माण का प्रस्ताव लगभग एक दशक से ज्यादा समय से फाइलों में सिमटकर रह गई है। कटनी जिला खास अहमियत रखता है, बावजूद इसके उपेक्षित है। इसकी मुख्य वजह यह है कि जनप्रतिनिधियों द्वारा पूरी तन्मयता के साथ ध्यान नहीं दिया जा रहा और अधिकारी भी सिर्फ पत्राचार तक सीमित हैं। मार्बल उद्योग, आयरनओर का बड़ा कारोबार, डोलोमाइट की पर्याप्त उपलब्धता, दुनिया में जाहिर कटनी का सेंड स्टोन, राइस मिलें, दाल मिलें, रेत की खदानें, परचून, सराफा और कपड़ा का कारोबार होता है। कई मायनों में कटनी जिला खास अहमियत रखता है। शहर व्यापारिक मिनी राजधानी है। आज की भागदौड़ भरी जिदंगी में हवाई सुविधा कटनी के लिए बेहद जरूरी है, ताकि जिले में निवेश करने वाले लोग दिल्ली, मुंबई सहित बड़े महानगरों से आसानी से पहुंच सकें, देश-दुनिया के लोग शहर से जुड़ सकें, लेकिन कटनी में हवाई पट्टी बनाने के लिए घोषणा के 12 साल बाद भी अबतक इसमें कोई अमल नहीं हो पाया है।

गौरतलब है कि 2012 में खजुराहो इंटरनेशन ग्लोबल मीट का आयोजन हुआ था जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हवाई पट्टी बनाए जाने की बात कही थी। बजट में 2013 में एक लाख रुपये तत्कालीन विधायक गिरिराज किशोर पोद्दार ने स्वीकृत कराए, ताकि प्रोविजन होने से वह काम शासन की वर्किंग में आ जाए। एयर स्ट्रिप बनने से उद्योग, पर्यटन की दृष्टि से कटनी का विकास होगा। कुछ साल पहले मेक्सिको कंपनी आकर हवाई अड्डा बनाने के लिए सर्वेक्षण कर गई है, लेकिन अभी तक मुख्यमंत्री की घोषणा पर प्रशासनिक व जिम्मेदार विभाग ने गंभीरता से - ध्यान नहीं दिया है। वर्ष 2009 में तत्कालीन विधायक ने विधानसभा में प्रश्न लगाया और कहा कि कटनी जिले में हवाई पट्टी का निर्माण किया जाए। इस पर 6 अक्टूबर 2009 को कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग को कलेक्टर की ओर से पत्र गया था कि अतिशीघ्र प्रक्कलन बनाकर दिया जाए। 11 जनवरी 2010 को कलेक्टर कार्यालय से सूचना आई कि विमानन विभाग को पत्राचार किया गया है। इसके बाद 19 फरवरी 2010 को सूचना दी गई कि 4 मार्च 2010 को सचिव विमानन विभाग को पत्र लिखा गया है। 17 जुलाई 2012 के जवाब में कहा गया सीएम ने बजट के आधार पर राज्य शासन द्वारा हवाई पट्टी निर्माण के लिए सैद्धांतिक निर्णय लिया गया है।

कटनी देश का महत्वपूर्ण जंक्शन है। जंक्शन में होने के साथ ही देश के प्रमुख शहरों से रेल कनेक्टिविटी है। कटनी से मध्यप्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व बांधवगढ़, पन्ना, रीवा तक पहुंचने के लिए सुलभ मार्ग हैं। इन सुविधाओं को ध्यान में रखकर देशी और विदेशी पर्यटक बड़ी संख्या में कटनी पहुंचते हैं। मैहर धाम, शारदा धाम विगढ़, कोनिया धाम आदि पर्यटकों की सुविधा को भी ध्यान में रखकर हवाई पट्टी निर्माण आवश्यक है। किसी को इमरजेंसी में बेहतर इलाज की जरुरत पड़ जाए तो एयर एंबुलेंस से बड़े शहरों तक जल्दी पहुंचाना संभव नहीं है। जिलें में हवाई पट्टी निर्माण के बाद दूसरे शहरों तक पहुंचने में समय की बचत होगी।



## वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

खिरहनी स्थित किड्स केयर हा. से. स्कूल का प्रति वर्षानुसार अपना 31वां भव्यतापूर्ण वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'सुगंध' सांस्कृतिक की महक संपन्न हुआ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुश्री धनश्री जैन बा. ई. ओ. कटनी डॉ. कष्यप, एवं डॉ. ऐष्वर्या के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। मॉ सरस्वति पूजन एवं वंदना नृत्य की प्रस्तुति से जनसमुदाय का मनमोह लिया। स्वागत नुत्य कक्षा 11वी 12वी की छात्राओं द्वारा मनमोहक गरबा ड्रेस एवं बहुत ही सुन्दर स्वागत गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी।

प्री प्रायमरी के छात्र/छात्राओ द्वारा रंग-बिरंगी ड्रेस पहनकर इंगलिष गीतो में नन्हे-मुन्ने छात्र/छात्राओ ने अपनी प्रस्तुति कर उपस्थित जनसमुदाय का मनमोह लिया प्रायमरी कक्षाओ द्वारा कब्बाली , इंगलिष नाटक हेल्पिंग हेंन्स ,मिडिल स्कूल द्वारा बहुत ही मनमोहक एवं दृष्या को छू लेने वाली पिता को समर्पित गीतो मे नृत्य प्रस्तुत किया गया हाई हायर स्कूल की छात्र/छात्राओ द्वारा देवी स्त्रोतम् नृत्य नौ देवियो का नृत्य जिसमे नौ देवियों के अलग-अलग रूप उनकी वेश-भूषा, की भव्यतापूर्ण प्रस्तुति जनसमुदाय का मनमोह लिया कक्षा 12वी के छात्रो द्वारा मेगा डांस 'कांन्तारा' गीत प्रस्तुति मुख्य आर्कषण रहा मुख्य अतिथि सुश्री धनश्री जैन बा. ई. ओ. कटनी डॉ. कष्यप, एवं डॉ. ऐष्वर्या को शॉल श्री फल से संम्मानित किया गया सभी ने अपने-अपने उद्बोधन में कार्यक्रम की भव्यता की तारीफ की एवं छात्रों को मार्गदर्शन दिया। छात्राओ द्वारा बेहतर एंकरिंग की गई। किड्स केयर के छात्र/छात्राओ के म्यूजिकल क्लब द्वारा पूरे कार्यक्रम में सुन्दर से म्यूजिक से शमां बांध दिया।

*हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण देखा*

## जिले की लाड़ली बहनों के खातों में 35 करोड़ रूपये से अधिक की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सिवनी के पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से लाड़ली बहना योजना के तहत कटनी जिले की 2 लाख 41 हजार 256 लाड़ली बहनों के बैंक खातों में 30वीं किस्त के तौर पर 35 करोड 38 लाख 30 हजार 600 रूपये की राशि का अंतरण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस माह लाड़ली बहनों के खाते में 1500 रूपये की बढ़ी हुई राशि अंतरित की।

यह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के एनआईसी कक्ष सहित जिले की सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों में भी आयोजित किया गया। जहां उपस्थित हितग्राहियों ने मुख्यमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण को देखा और सुना। इस दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री द्वारा कटनी जिले की जनपद पंचायत बड़वारा की 39 हजार 664 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड 84 लाख 12 हजार 800 रूपये अंतरित किये गए। इसी तरह जनपद पंचायत बहोरीबंद की 40 हजार 613 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड 95 लाख 38 हजार 100 रूपये, जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की 37 हजार 565 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड 50 लाख 82 हजार 100 रूपये, जनपद पंचायत कटनी की 27 हजार 935 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड 8 लाख 12 हजार 900 रूपये, जनपद पंचायत रीठी की 25 हजार 933 पात्र महिलाओं के खाते में 3 करोड 81 लाख 20 हजार 300 रूपये, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ की 35 हजार 128 पात्र महिलाओं के खाते में 5 करोड 16 लाख 69 हजार रूपये अंतरित किये। वहीं नगर निगम कटनी की 28 हजार 313 पात्र महिलाओं के खाते में 4 करोड़ 12 लाख 85 हजार 500 रूपये नगर परिषद बरही की 2 हजार 321 पात्र महिलाओं के खाते में 34 लाख 16 हजार 100 रूपये, नगर परिषद कैमोर की 2 हजार 297 पात्र महिलाओं के खाते में 33 लाख 14 हजार 500 रूपये तथा नगर परिषद विजयराघवगढ़ की 1 हजार 487 पात्र महिलाओं के खाते में 21 लाख 79 हजार 300 रूपये अंतरित किये।

## युवा उत्सव के तहत विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित



शासकीय महाविद्यालय उमरियापान में सत्र 2025–26 के अंतर्गत युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वक्तृत्व, वाद–विवाद, निबंध लेखन, कविता पाठ, एकल गीत, एकल नृत्य, समूह नृत्य जैसी विभिन्न साहित्यिक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़–चढ़कर उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. आरती धुर्वे ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से छात्रों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का विकास होता है। इस दौरान दीपिका जैन, अभिलाषा चौरसिया, डॉ. जयश्री शुक्ला, डॉ. अरुणा दास, डॉ. आशीष पांडे, डॉ. ईश्वरदीन चौधरी, डॉ. जयप्रकाश अवस्थी, डॉ. दिव्या शुक्ला,राजाराम सूर्यवंशी, रहवर रजा मंसूरी की उपस्थित रहीं।

## नेशनल लोक अदालत के संबंध में नगर निगम एवं बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



आगामी 13 दिसम्बर को जिला न्यायालय कटनी सहित समस्त तहसील न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें समझौता योग्य अन्य प्रकरणों के साथ नगर निगम के संपत्ति कर एवं जलकर से संबंधित प्रकरणों, बीएसएनएल के प्री-लिटिगेशन एवं बैंको के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी समझौते के साथ निराकरण किया जायेगा। समझौता योग्य प्रकरणों को अधिक से अधिक संख्या में निपटाने के उददेश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सुमित शर्मा द्वारा कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी में मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें बी.एस.एन.एल. एसडीओ महेश कुमार झारिया, लीड बैंक मैनेजर मेझरस किण्डों सहित विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहें।

बैठक में सुमित शर्मा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कटनी के द्वारा सभी अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की गई और 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में नगर पालिका निगम के प्रकरणों में संपत्ति कर, जलकर के प्री-लिटिगेशन, बैंकों के प्री-लिटिगेशन एवं बीएसएनएल के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों में सूचना पत्र को अधिक से अधिक संख्या में जारी करने के लिये निर्देशित किया और अधिक से अधिक संख्या में प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने कहा कि लोक अदालत का आमजन के बीच अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाकर लोगो को लोक अदालत से होने वाले लाभों के बारे में जानकारी दी जावे।

*आपात स्थिति में एंबुलेंस भी नहीं पहुंच पाती, गंदगी से फैल रहे बदबू*

## नदिया टोला में गंदगी और टूटी सड़कें बनी मुसीबत, मूलभूत सुविधाओं से वंचित ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान



जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा की ग्राम पंचायत पोड़ी कला बी के आश्रित ग्राम नदिया टोला में विकास कार्यों का अभाव ग्रामीणों की बड़ी समस्या बन गया है। गांव की गलियां कचरे और कीचड़ से अटी पड़ी हैं। नालियों की सफाई नहीं हुई है और जगह-जगह गंदगी के ढेर बदबू फैला रहे हैं। बरसात के दिनों में यही रुका पानी बीमारियों का कारण बन रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अंदर तक एंबुलेंस नहीं पहुंच पाती, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को चारपाई या मोटर साइकिल के सहारे मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है।

पोंडी खुर्द गांव से इस मार्ग के लिए ग्रामीण रोजाना निकलते हैं। अन्य कोई दूसरा रास्ता नहीं होने के कारण ग्रामीणों की अधिक चक्कर लगाना पड़ता है। विशेषकर गर्भवती महिलाओं को प्रसव के समय भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार देर से अस्पताल पहुंचने के कारण उनकी जान पर भी बन आती है।बीते वर्ष अतिवृष्टि के कारण भी गांव में कई गरीबों की गृहस्थी उजड़ गई। रास्ता भी क्षतिग्रस्त हो गया। आजीविका तक उजड़ गई। लेकिन प्रशासन द्वारा अब कोई सुधार नहीं कराया गया।

गांव में मूलभूत सुविधाओं का अभावः- गांव में सड़क, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और स्ट्रीट लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं का भी अभाव है। कई हैंडपंप खराब पड़े है।

ग्रामीणों को रोजाना पानी भरने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। शाम होते ही पूरे गांव में अंधेरा छा जाता है, जिससे महिलाओं और बुजुर्गों को चलने-फिरने में दिक्कत होती है और सुरक्षा की चिंता भी बनी रहती है। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।

चुनाव के समय नेता गांव में आकर विकास के बड़े वादे करते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही सबकुछ भुला दिया जाता है। गांव के लोगों ने शासन- प्रशासन से सड़क निर्माण, नियमित सफाई व्यवस्था और एंबुलेंस की सुगम पहुंच सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को इस बदहाली से राहत मिल सके।

*जिम्मेदार अधिकारियों को जांच करने की फुर्सत नहीं*

## होटलों से लेकर चाय नाश्ते के ठेलों में रसोई गैस का दुरूपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



घरेलू उपयोग वाले रसोई गैस सिलेण्डर का फुटपाथी चाय नाश्ते के ठेलों से लेकर होटलों तक में व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। लेकिन खाद्य विभाग की टीम इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है। साल भर में कभी कभार ही इस दिशा में खाद्य विभाग द्वारा रस्म अदाएगी के लिए कार्यवाही की जाती है। रसोई गैस का दुरूपयोग तो शहर में अधिकांश चाय चाश्ते के ठेलो में देखा जा सकता है। होटलों में यदि निरीक्षण किया जाए तो सच्चाई सामने आ सकती है। नगर व आसपास संचालित हाथठेला से लेकर फुटपाथी व होटलो में गैस के दुरूपयोग पर जांच कार्यवाही के लिये अभियान नही चलाया जा रहा है। घरेलू गैस व्यवसायिक की अपेक्षा सस्ती होने के कारण इसका दुरूपयोग होटलो में किया जाता है। विभागीय अधिकारियों द्वारा हाथठेला चालकों सहित होटलों में घरेलू गैस के दुरूपयोग को लेकर कार्यवाही नहीं की जाती।

एलपीजी गैस का दुरूपयोग रोकने प्रशासनिक स्तर पर नियमित कार्यवाही के अभाव में ज्यादातर प्रतिष्ठान संचालक ज्यादा मुनाफे के लिये नियम निर्देशो की धज्जियां उड़ा रहे है। फुटपाथ पर अंडा, बिरयानी, चाट, चाय लगाने वाले व्यवसायी खुलेआम घरेलू गैस का ही उपयोग कर रहे है। फुटपाथियों के अलावा ऐसे अन्य होटल व्यवसाइयों की भी कमी नही है जो कारोबार से मुनाफा कमाने के बावजूद गैस का दुरूपयोग कर रहे है। खाद्य अमले द्वारा कभी कभार ही कायर्वाही की जाती है। नतीजन इसी ढिलाई का व्यवसायी खुलेआम फायदा उठा रहे है। इतना ही नही अनेक व्यवसायी तो असरदार होने या सैंटिग के खेल से भी व्यवसायिक की जगह घरेलू सिलेंडर खपा रहे है। इस दिशा में नियमित कार्यवाही की दरकार है ताकि घरेलू गैस के दुरूपयोग पर अंकुश लग सके। खाद्य विभाग द्वारा यदि नियमित रूप से जांच कार्यवाही की जाए तो रसोई गैस के दुरूपयोग पर काफी हद तक अंकुश लग सकता है। शासन के निर्देश एवं तय गाइडलाइन के अनुसार रसोई गैस सिलेंडरो का उपयोग घरो में भोजन पकाने के लिये है। जबकि होटलो के अलावा किसी भी व्यावसायिक कार्य के लिये नीले रंग के व्यावसायिक सिलेंडरो का उपयोग जरूरी है। घरेलू गैस सिलेडर की अपेक्षा व्यावसायिक सिलेडर के लिये डेढ़ से दो गुना से कीमत चुकानी पड़ती है यही वजह है कि ज्यादा से ज्यादा बचत के लिये दुकानों में व्यावसायिक सिलेडर दिखावे के लिये तो रखे होते है या एक या तो उपयोग में भी होते है जबकि ज्यादातर उपयोग अपेक्षाकृत सस्ते पड़ने वाले घरेलू सिलेडरो का ही होता है।

## जन जागरूकता के लिए निकाली वाहन रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई विधुत समाधान योजना 2025-26 के तहत बकाया बिजली बिलों के भुगतान पर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी जा रही है। इस योजना के तहत उपभोक्ताओं को 60% से 100% तक सरचार्ज माफी का लाभ मिलेगा। जन-जागरूकता के उद्देश्य से मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड द्वारा अमाड़ी क्षेत्र में विशेष प्रचार (बाइक रैली) अभियान चलाया गया।

इस दौरान अधीक्षण अभियंता देवकी नंदन चौकीकर के निर्देशन में एवं कार्यपालन अभियंता अमित सक्सेना के मार्गदर्शन में कनिष्ठ यंत्री पंकज सिंह धुर्वे के नेतृत्व में जागरूकता वाहन रैली विद्युत वितरण केंद्र अमाड़ी के कार्यालय से ग्राम भदौरा 1, अमाड़ी, बसाडी, सुद्दी, धौरा, सिजेहनी, कांटी, मोहास न 01, नन्हवारा कला नन्हवारा खुर्द, पहाड़िया,जोगिया होते ही कार्यालय में रैली समाप्त की गई। जिसमें नागरिकों को योजना की जानकारी दी गई और समय सीमा के भीतर बकाया बिल जमा करने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान वाहन रैली मे सभी लाइनमैन, मीटर रीडर, लाइन हेल्पर व विधुत मंडल के अधिकारी कर्मचारी शामिल मिल रहे। योजना के अनुसार 3 नवम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक बिल जमा करने वालों को 60% से 100% तक सरचार्ज माफी मिलेगी।1 जनवरी से 28 फरवरी 2026 तक भुगतान करने वालों को 50% से 90% तक सरचार्ज माफी दी जाएगी। एकमुश्त भुगतान पर विशेष छूट तथा 6 किस्तों में भुगतान की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

कनिष्ठ यंत्री पंकज सिंह धुर्वे ने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के मार्गदर्शन में चलाई जा रही है। जिससे लाखों उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत मिलेगी।अधिकारियों ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं, QR कोड स्कैन कर अधिक जानकारी प्राप्त करें और अपने बिजली बिलों का शीघ्र निपटान करें। अधिक जानकारी के लिए निकटतम विद्युत वितरण कार्यालय में संपर्क करे।

### 35 पाव अवैध शराब जब्त

**कटनी।** बाकल पुलिस ने ग्राम् कूड़ा निवासी कोमल सिंह लोधी 48 साल के पास से 20 पाव देशी प्लेन एवं 15 पाव लाल मशाला शराब जब्त की है।

### नाम सुधार सूचना

आम जनता तो सूचित करते हुए मैं शपथ पूर्वक घोषणा करती हूँ कि मैं जागृति गुप्ता पिता श्री राजेश कुमार गुप्ता उम्र करीब 23 वर्ष साकिन स्लीमनाबाद तिराहा (कटरा मुहल्ला) बहोरीबंद तह. बहोरीबंद जिला कटनी म0प्र0की मूलनिवासी हूँ। यह कि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम व जाति जागृति गुप्ता पिता श्री राजेश कुमार गुप्ता दर्ज है, जबकि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में जैसे कक्षा 10वी, 12वी, बीएससी फायनल की अंकसूचीयों में मेरा नाम जागृति पिता राजेश दर्ज है, जबकि मुझे दोनों नामों व जाति से जाना व पहचाना जाता है। यह कि उक्त दोनो नाम मुझ शपथकर्ता के ही है। अतः आज दिनांक से मुझे मेरे दोनो नाम व जाति से जाना, पहचाना, लिखा व पढ़ा जावे।

शपथकर्ता
जागृति गुप्ता पिता श्री राजेश कुमार गुप्ता

**खबर संक्षेप**

### जनसुनवाई में पहुंची निराश्रित महिला को मिली राहत

**दमोह।** 11 नवंबर को आयोजित जनसुनवाई में हटा नगर के नवोदय वार्ड निवासी समझरानी अहिरवाल पति स्व. रामकिशुन अहिरवाल अपनी समस्या लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचीं। उन्होंने बताया कि उनके पति का निधन दो वर्ष पूर्व हो चुका है। परिवार में एकमात्र पुत्र है, जिसकी पत्नि उसे छोड़कर चली गई है और पुत्र का एक हाथ फ्रैक्चर होने से वह कार्य करने में असमर्थ है। विधवा समझरानी स्वयं बीड़ी बनाकर अपने बीमार पुत्र और चार पोते-पोतियों का भरण-पोषण कर रही हैं। जनसुनवाई के दौरान पोर्टल पर रिकॉर्ड जांचने पर ज्ञात हुआ कि महिला की समग्र ई-केवाईसी पूर्ण न होने के कारण उन्हें मध्यप्रदेश शासन की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा था। महिला की आर्थिक स्थिति देखते हुए संकट के साथी ग्रुप की सहायता से उन्हें तुरंत सिम कार्ड उपलब्ध कराया गया और उनका समग्र ई-केवाईसी पूरा कराया गया। इसके पश्चात नगर पालिका हटा द्वारा पात्रतानुसार उन्हें सामाजिक सुरक्षा कल्याणी पेंशन योजना के अंतर्गत पेंशन स्वीकृत की गई। महिला को पेंशन स्वीकृति आदेश की प्रति जनसुनवाई स्थल पर ही प्रदान की गई। अब आगामी माह से समझरानी अहिरवार को प्रति माह 600 की पेंशन राशि प्राप्त होगी। इस कार्य में सामाजिक सुरक्षा अधिकारी प्रतीक्षा सिघई नें अहम भूमिका निभाई।

## देहात थाना पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

# लूट करने वाले आरोपी निकले बाईक चोरी की घटनाओं के मास्टर माइंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह देहात थाना पुलिस ने लूट के साथ बाईक चोरी करने वाले चोर गिरोह को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। चोरो द्वारा जिले सहित अन्य जिलों में भी चोरी की घटनाओं का अंजाम देने की बात स्वीकारी है। पुलिस ने मामले के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि थाना दमोह देहात अंतर्गत दिनांक 03/11/2025 को फरियादी विश्राम अठ्या निवासी दमोह (आटो चालक) जो अपने गांव से दमोह वापिस आ रहा था। रात्रि करीब 1.30 बजे एवं विनोद यादव थाना किशनगढ जिला छतरपुर का अपने आटो से दमोह से हटा तरफ जा रहा था तभी मानपुर तिराहा हटा रोड पर तीन अज्ञात लडको द्वारा पहले एक आटो को रोककर उसके साथ मारपीट कर उसके 3000रू एवं आटो की चाबी छीनी बाद हटा तरफ से आ रहे दूसरे आटो से भी रोककर मारपीट कर एक मोबाइल एवं आटो की चाबी छीनकर भाग गये। दोनो फरियादी द्वारा थाना दमोह देहात पर



सूचना देने पर अपराध क्र. 781/25 धारा- 309(6) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियो की तलाश पतारसी हेतु निरीक्षक रचना मिश्रा थाना प्रभारी दमोह देहात के द्वारा टीम गठित कर लगातार प्रयास प्रयास जारी रखा।

तीनो आरोपी लूट की घटना को अंजाम देकर जिला दमोह जिला कटनी जिला जबलपुर में घूमते फिरते अन्य क्षेत्र से भी मोबाइल एवं मोटरसाइकिलों की चोरी करते हुए जबलपुर से दमोह आ रहे थे। प्रकरण में निरी रचना मिश्रा द्वारा थाना की टीम एवं सायबर सेल की टीम द्वारा घटना के बाद से ही लगातार प्रयास करते हुये सीसीटीव्ही कैमरा एवं टैकनीकल साक्ष्य एकत्रित करते हुए, अज्ञात आरोपियो का लगातार अलग अलग जिलों में पीछा कर गिरफ्तार किया गया। पकडे गये तीन अज्ञात लडको से पूछताछ की गई तो उन्होने शोभानगर दमोह से दो मोबाइल चोरी कर, घटना दिनांक 03/11/2011 को हटा रोड पर आटो चालको से लूट की घटना करने के बाद, हथनी तिराहा से एक मोटरसाइकिल ग्लैमर एवं कटंगी जिला जबलपुर से एक स्पेलेन्डर मोटरसाइकिल चोरी करके लाना स्वीकार किया एवं एक मोटरसाइकिल एचएफ डीलक्स सागर से चोरी करना बताया। जिसका उपयोग लूट की घटना में किया। तीनो आरोपी एक हफ्ते से लगातार अलग अलग जगह चोरी एवं लूट की घटना कारित करते हुए जबलपुर से लौटकर दमोह होते हुए इंदौर जाने की फिराक में थे, जो थाना दमोह देहात की टीम के द्वारा बस मे ड्रायवर एवं कंडेक्टर का वेश बनाकर काफी मशक्कत करते हुए उन्हे धर दबोचा। प्लानिंग के तहत पूर्व से सिविल मे जबलपुर से दमोह मे अलग अलग जगह पुलिस बल तैनात था । आरोपियो के आते ही उन्हे पकड लिया गया। आरोपियों को सही समय पर नही पकडा जाता तो इसी तरह लगातार घटनाएं अन्य जिलों में भी कारित कर सकते थे। आरोपियों पर दमोह जिला एवं अन्य जिलों में पूर्व आपराधिक रिकार्ड है।

गिरफ्तार आरोपियों में जयराम पिता टेकचंद पटैल उम्र 21 साल नि. पिपरिया कला थाना हिण्डोरिया हाल पता तीन गुल्ली किराये के कमरे में जिला दमोह, राजा सेन पिता स्व. नत्थू सेन उम्र 26 साल नि. इन्द्रा कॉलोनी दमोह, शोभित दुबे पिता राजेश कुमार दुबे उम्र 19 साल नि. ग्राम बकेनी थाना पथरिया हाल सिविल वार्ड 1 के नाम शामिल है। आरोपियों के पास से तीन मोटरसाइकिल कीमती करीबन 1 लाख 50 हजार रूपये, तीन मोबाइल कीमती करीबन 40 हजार रूपये, 01 चांदी की अंगूठी कीमती करीबन 1300 रूपये जब्त की गई कुल 2 लाख रूपये की सामग्री जब्त की गई।

संपूर्ण कार्यवाही मे निरीक्षक रचना मिश्रा थाना प्रभारी थाना दमोह देहात, प्रआर वीरेन्द्र, प्रआर हर्ष पाठक, प्रआर.राकेश मिश्रा, आर.नितिन आर. बाबू छारी, आर दीपक, आर अभिषेक जैन, आर शुभम चौबे, आर देवेन्द्र, आर.जितेन्द्र पटैल, आर बृजबिहारी ,आर दीपेन्द्र, आर. राहुल, आर शिवसदन ,आर पवन एवं सायबर सेल से प्रआर सौरभ टंडन ,आर मयंक दुबे, सैनिक राकेश दुबे के नाम शामिल है।

# कलेक्टर ने एसआईआर में नव मतदाताओं से किया संवाद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर स्थानीय पी.जी. कॉलेज दमोह में जिले के महाविद्यालयों से आए नव मतदाता छात्र-छात्राओं के साथ एस.आई.आर. (विशेष गहन निरीक्षण) 2025 से संबंधित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत प्रवीण फुलपगारे खासतौर पर मौजूद रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्री कोचर ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए निर्वाचन प्रक्रिया, मतदाता सूची पुनरीक्षण सहित अन्य जानकारियां दी। उन्होंने नव मतदाताओं के प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनकी शंकाओं का समाधान किया तथा विद्यार्थियों को कलेक्टर कार्यालय में मतदाताओं के लिए प्रारंभ की गई उपलब्ध सुविधा का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा प्रत्येक नव मतदाता का निर्वाचन प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाना आवश्यक हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण पुलपगारे ने भी उपस्थित युवाओं से विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित चर्चा की और उन्हें निर्वाचन प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की जानकारी दी। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख प्राचार्य डॉ. आलोक कुमार जैन, जनसंपर्क विभाग के अधिकारी वाए.ए. कुरैशी, डी.पी.सी. मुकेश द्विवेदी, मास्टर ट्रेनर मोहन राय, सहायक स्वीप नोडल अधिकारी डॉ. जितेंद्र कुमार चौधरी, सिद्धार्थ जाऊरेकर, सौरभ खरे, डॉ. मंगल सिंह अहिरवार, डॉ. बी.डी. रैकवार, इरफान खान सहित विभिन्न संस्थाओं के प्राध्यापक एवं लगभग 200 से अधिक छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

# पाताल भैरवी संकट मोचन में मन्नत पूरी होने पर मुस्लिम श्रद्धालु ने कराया भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

धार्मिक सौहार्द और आस्था का अनोखा संगम सोमवार को जबेरा जनपद क्षेत्र के डूमर गांव स्थित प्राचीन पाताल भैरवी संकट मोचन हनुमान मंदिर में देखने को मिला। मन्नत पूरी होने पर गांव के ही मुस्लिम श्रद्धालु वाहिद खान ने मंदिर परिसर में भव्य भंडारे और झंडा वंदन का आयोजन किया, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। बताया गया कि वाहिद खान के पुत्र की तबीयत लंबे समय से खराब चल रही थी। दमोह, जबलपुर और नागपुर जैसे बड़े शहरों में इलाज कराने के बावजूद कोई विशेष सुधार नहीं हुआ। आखिरकार उन्होंने संकट मोचन हनुमान जी की शरण लेकर अपने पुत्र के स्वस्थ होने की मनौती मांगी। कुछ ही दिनों में पुत्र पूर्णतः स्वस्थ हुआ तो परिवार ने संकट मोचन दरबार पहुंचकर



मन्नत पूरी होने पर धन्यवाद अर्पित किया। इसी कृतज्ञता भाव के साथ सोमवार को मंदिर परिसर में कन्या भोज और भंडारा आयोजित किया गया। इससे पहले झंडा वंदन के अवसर पर भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई, जिसमें गांव के सभी समाजों के लोग शामिल हुए। सरोवर किनारे स्थित यह मंदिर पाताल भैरवी संकट मोचन धाम के रूप में प्रसिद्ध है। मान्यता है कि यहां हनुमान जी की प्रतिमा का एक चरण पाताल में और दूसरा भूमि पर स्थित है। भक्तों का विश्वास है कि यहां सच्चे मन से की गई प्रार्थना से हर संकट दूर होता है। हल्ले भाई ने बताया भंडारे के दौरान गांव में उत्सव जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों ने वाहिद खान के इस आयोजन को धार्मिक एकता और आपसी सौहार्द का प्रतीक बताया।

# विश्व चेम्पियन का ग्राम घुवारा पहुंचकर किया सम्मान, हटा आने का दिया न्यौता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा/रनेह

नगर हटा के रमा कवि वार्ड निवासी एवं राष्ट्रीय तेली पिछड़ा वैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष हरिशंकर साहू ने बड़ा मलहरा और घुवारा साहू समाज के प्रतिनिधियों के साथ विश्व चेम्पियन बेटी का सम्मान किया। दरअसल बुन्देलखण्ड के छतरपुर जिले के ग्राम घुवारा की बेटी एवं महिला क्रिकेट विश्व चेम्पियन टीम की फ़ास्ट बॉलर क्रांति गौड़ के निवास पर पहुंचकर पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया एवं संघर्ष कर भारतीय टीम को विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाने वाली और विश्व के पटल पर बुन्देलखण्ड का नाम रोशन करने वाली बेटी क्रांति एवं परिवारजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संघर्ष से सफलता प्राप्त होती है। यहाँ उन्होंने विश्व चेम्पियन क्रांति गौड़ को अपने माता पिता एवं भाइयों सहित सहपरिवार उपकाशी नगर हटा आने का न्यौता दिया, जिसमे भारतीय टीम की बेटी ने कहा कि वर्तमान में भारतीय महिला टीम के विभिन्न कार्यक्रम निर्धारित है, जिसकी व्यस्तता है, भविष्य में अवसर मिलने पर जरूर आउंगी। इस दौरान हटा से पहुंचे 11 वर्षीय फैन शिखर साहू ने भी क्रांति दीदी के साथ फोटो खिंचवाई। इस दौरान साहू समाज जिला अध्यक्ष गौरीशंकर साहू छतरपुर, घुवारा अध्यक्ष रामप्रसाद साहू (कल्लू), तहसील अध्यक्ष सुनील साहू घुवारा, कोषाध्यक्ष मनोहर साहू, नीरज, सुनील साहू घुवारा, महेंद्र साहू, कार्तिक साहू हटा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय सामाजिक जन उपस्थित रहे।

# स्वरोजगारमुखी योजनाओं की दी जानकारी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

जबेरा शासकीय महाविद्यालय जबेरा में उद्यमिता विकास केंद्र दमोह द्वारा महाविद्यालय के छात्र एवं छात्राओं को भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा संचालित स्वरोजगार मुखी योजनाओं की जानकारी दी गई जिसमें छात्र-छात्राओं को अपने जीवन में नौकरी के अलावा अन्य ऐसे कई कार्य हैं जिन्हें अपना करके आप स्वत एवं अन्य दूसरों को भी रोजगार दे सकते हैं। इस संबंध में विभिन्न स्वरोजगारमुखी योजनाओ की बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि इसी बात पर भारत सरकार की नई शिक्षा नीति में इस बात का समावेश किया गया है कि विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन से ही उनकी स्वरुचि के अनुसार उनकी कला के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जाए ताकि आने वाली समय में किसी को भी बेरोजगारी से न जूझना पड़े। उक्त कार्यक्रम में जिला को आ र्डिनेटर पीएन तिवारी जिला रोजगार अधिकारी महाविद्यालय के समस्त स्टाफ विद्यालय की छात्र एवं छात्राओं के साथ ग्राम के वरिष्ठ पत्रकार मुन्नालाल सोनी एवं महिला बाल विकास से वीरेंद्र जैन सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# रसीलपुर में हुआ विधिक साक्षरता शिविर




**हटा।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री सुभाष सोलंकी, प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दमोह के मार्गदर्शन में न्यायोत्सव विधिक सेवा सप्ताह अंतर्गत विधिक साक्षरता शिविर का अयोजन ग्राम रसीलपुर के ग्राम पंचायत भवन में किया गया। शिविर में श्री राम सिंह बघेल, तृतीय जिला न्यायाधीश, सचिव एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे। श्री राम सिंह बघेल, तृतीय जिला न्यायाधीश द्वारा श्रमिक क्षेत्रांतर्गत आमजन को कानूनी अधिकार एवं निःशुल्क विधिक सहायताएं टोल फ्री नं 15100 व शासन की अन्य लाभकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। वर्तमान समय में बढते हुए सोशल मीडिया के उपयोग के संबंध में भी लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान सचिव जागेश्वर नामदेव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता अनुराधा प्रजापति, कीर्ति अहिरवार,आशीष पटेल सहित ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

# आप पार्टी की मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान के अंतर्गत हुई बैठक



**जबेरा।** आम आदमी पार्टी की मध्य प्रदेश जोड़ो अभियान के अंतर्गत जबेरा विधानसभा के ग्राम चंडी चोपरा में हॉट बाजार की दिन सभा का आयोजन किया गया जिसमें लगभग एक दर्जन ग्राम के लोगों ने भाग लिया उक्त सभा में आम आदमी पार्टी के द्वारा जनहित की योजनाओं के बारे मो गरीब मजदूर किसानों को जानकारी दी गई उपस्थित लोगों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली बिल की मनमानी राशि जारी करने पर परेशानी की बात रखी तथा बोवनी के समय पर किसानों को खाद न मिलने की समस्या बताई जिसमें आम आदमी पार्टी के प्रदेश संयोजक बसंत रायने प्रदेश सरकार को किसान मजदूर विरोधी बताते हुए आम आदमी पार्टी के कार्यों की सराहना करते हुए आम आदमी पार्टी से जुड़ने का आह्वान किया उक्त अवसर पर पूर्व जनपद सदस्य हरिराम अहिरवार ने अपनी पूरी टीम के साथ आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली इनके अतिरिक्त ग्राम के अर्जुन सिंह दुर्जन सिंह बसंत राज सहित दर्जनो बुजुर्गों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ली। बसंत राय के द्वारा भाजपा एवं कांग्रेस दोनों पार्टियों को एक ही था ली के चट्टे बट्टे बताते हुए कहा कि यह दोनों पार्टिया मिली हुई है तथा किसान और मजदूर का अस्तित्व मिटाने पर लगी हुई है।

### गेंदारानी यादव का स्वर्गवास

**हिण्डोरिया।** नगर के वार्ड नं. 12 निवासी गोपाल यादव की धर्मपत्नी एवं कोमल यादव की माता श्रीमती गेंदारानी यादव का 70 वर्ष की आयु मे लम्बी बीमारी के चलते निधन हो गया। इनकी अंतिम शवयात्रा मे सभी वर्गो के लोगों ने भाग लिया। एवं श्रृध्दांजलि अर्पित की।

### गोविंद तिवारी का निधन

**हिनौताकला।** ग्राम के प्रतिष्ठित तिवारी परिवार के मुखिया एवं कड़ोरी, सुनील, सुशील अमित तिवारी के पिता जी श्री गोविंद तिवारी का 78 वर्ष की आयु में दुखद निधन हो गया। उनके निधन से ग्राम में शोक की लहर है। सभी वर्ग के नागरिकों ने अंतिम यात्रा में शामिल होकर शोक संवेदनाएं अर्पित की।



**गृहस्थी का सामान सहित लाखों के उपकरण जलकर हुए राख**

# घर में शार्ट सर्किट से लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के गौरीशंकर वार्ड गणेश मंदिर के पीछे बुंदेलखंड स्कूल के पास एक मकान में अचानक सार्ट सर्किट से आग लग गई जिसमें रखा गृहस्थी का सामान सहित विद्युत उपकरण एवं सरकारी फाइलें जलकर खाक हो गई। जानकारी के अनुसार चंडी जी के समीप गणेश मंदिर के पीछे धूम निवासी सहायक समिति प्रबंधक कमलेश पटेल जो कि चौबे के मकान में किराए से रहते हैं जिसमें मंगलवार की शाम अचानक घर में बिजली के तारों में फाल्ट बनने से आग लग गई जहां सेवा सहकारी समिति की रखी सैकड़ो फाइलें टीवी कंप्यूटर प्रिंटर सहित गृहस्थी का सारा सामान जलकर जलकर राख हो गया। आग लगने के दौरान घर कोई भी सदस्य मौजूद नहीं थे जहां पर घर से निकल रहे धुएं को देखकर आस पड़ोस के लोगों द्वारा आग बुझाने का काफी प्रयास किया वहीं सूचना मिलने पर नगर पालिका की दमकल वाहन ने मौके पर पहुंचकर कुछ ही समय में आग पर काबू पा लिया लेकिन तब तक सारा सामान जलकर खाक हो गया था। कमलेश पटेल ने बताया कि परिवारजन गांव गए हुए थे और हम मंडी में ड्यूटी कर रहे थे इसी दौरान आगजनी की घटना घटित हो गई जिसमें लाखों रुपए का सामान जल गया वहीं समिति की रखी हुई आवश्यक दस्तावेज भी जल गए जिसकी लिखित सूचना हटा पुलिस थाना को दी गई।



### घटयात्रा ध्वजारोहण पात्र चयन के साथ विधान का शुभारंभ

**पथरिया।** नगर में आयोजित श्री शिद्धचक्र महामंडल विधान का आज शुभारंभ हुआ जिसमें ध्वजारोहण घटयात्रा के साथ पात्र चयन एवम विधान के अर्घ्य चढ़ाए गए इस विधान में सौधर्मेन्द्र बनने का सौभाग्य केतन-सपना दिल्ली कुबेर बनने का अवसर कवीश-प्रियंका सिंघई पथरिया श्रीपाल मैना बनने का सौभाग्य कपिल-नीलम संगम स्टोर महायज्ञनायक कपूरचंद-सुधा जेरठ वालों को प्राप्त हुआ विधान अन्य 18 पात्रों का चयन किया गया तत्पश्चात प्रथम दिन के अर्घ्य चढ़ाए गए पुण्यार्जक परिवार के अलावा समस्त सकल समाज के लोग भक्तिमय पूजन अभिषेक विधान में सम्मलित हुए कार्यक्रम में दिल्ली, दमोह, सागर, बीना, कटनी, पटेरा, बाकल, टीकमगढ़ आदि स्थानों से भी काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# मध्यप्रदेश एकता परिषद ने कलेक्टर को स्मरण पत्र सौंपा

## भूमि अधिकार एवं विस्थापन मुददे निपटाने जिला समन्वयं बैठक रखने की मांग की

**हिण्डोरिया।** जन संगठन एकता परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य संतोष सिंह एवं एकता परिषद के पूर्व राज्य समन्वयक एवं वर्तमान दमोह जिला अध्यक्ष सुजात खान ने भूमि अधिकार एवं विस्थापन के दमोह जिला मे अति गंभीर होते जा रहे मुद्दों के समाधान हेतु कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर को जिला कलेक्ट्रेट पहुंचकर स्मरण पत्र सौपा। पत्र मे भूमि अधिकार, विस्थापन एवं आजीविका के इन गंभीर होते मुद्दों के समाधान हेतु शीघ्र जिला समन्वय बैठक आयोजित करने की मांग की। इस संबंध में संगठन के जिला समन्वयक सुजात खान ने बताया कि 14 अक्टूबर 2025 को जनसुनवाई मे दिये सामुहिक जिला स्तरीय ज्ञापन के 02 दिन बाद 16 अक्टूबर 2025 को संगठन एकता परिषद के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से मुलाकात की थी। कलेक्टर ने आदिम जाति कल्याण विभाग संयोजक आदिति शाडिल्य को दीपावली के बाद इस मुददे पर जिला समवयं बैठक आयोजित करने कहा था। किंतु आदिम जाति- जनजाति कल्याण विभाग दमोह द्वारा अभी तक उक्त जिला स्तरीय समवयं बैठक आयोजित नहीं की गई। परिणाम स्वरूप दमोह जिले में आदिवासियों वन्य-निवासियों को वन विभाग द्वारा बडे पैमाने पर गांवों में वर्षो से काबिज वनभूमि एवं राजस्व भूमि से बेदखल करते हुए उन्हें खेती करने से रोका जा रहा है। उन्हें तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। जिले में भूमि अधिकार एवं विस्थापन की समस्या वर्तमान में विकराल रूप धारण करती जा रही है। विशेष कर वंचितों,आदिवासियों एवं वन्य-निवासियों में शनै-शनै आज भारी आक्रोश पनप रहा है। कलेक्टर ने स्मरण पत्र लेते हुए इस दिशा में शीघ्र उचित कार्रवाई करने एवं जिला समन्वय बैठक रखने का आश्वासन दिया है।



**खबर संक्षेप**

### मैराथन रन 16 को

**दमोह।** अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ने बताया सांसद खेल महोत्सव 2025 के शुभारम्भ अवसर पर 16 नवम्बर को प्रातः 7 बजे से मैराथन रन आयोजित किया जाना प्रस्तावित है, मैराथन रन का निर्धारित मार्ग यथा कीर्ति स्तंभ दमोह से प्रारम्भ से होकर कोआपरेटिव्ह बैंक चौराहा, बस स्टैण्ड, स्टेशन चौराहा, राय चौराहा, घण्टाघर, अंबेडकर चौराहा से होते हुए पुनः कीर्ति स्तंभ दमोह पर समापन किया जायेगा।

### जिला संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक स्थगित

**दमोह।** जिला संयुक्त परामर्शदात्री समिति की आज 13 नवम्बर 2025 को सायं 5 बजे जिला कार्यालय के सभाकक्ष में होने वाली बैठक निर्वाचन कार्य (S.I.R.) को दृष्टिगत रखते हुये स्थगित कर दी गई है। अपर कलेक्टर मीना मसराम ने बताया बैठक की आगामी सूचना पृथक से जारी की जायेगी।

तीन लोगों पर किया हमला, रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग की टीम के प्रयास विफल

# अरहर के खेत में छिपे तेंदुआ की दहशत

### खेतों में छुपा तेंदूआ, रात्रि में भी भयभीत रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह





पटेरा क्षेत्र के गांवो में तेंदूए की दस्तक से हडकंप मचा हुआ था कि इसी बीच बुधवार को तेंदुए को पकड़ने की कोशिश बुधवार को उस समय नाकाम होती नजर आई जब तेंदुए के हमले से एक ड्रोन फोटोग्राफर, एक वन कर्मी व किसान सहित तीन लोग घायल होकर अस्पताल पहुंच गए।

जानकारी के अनुसार कुडई, सोजना पिपरिया गांव के पास बिछुआ में बुधवार की सुबह अरहर के खेत में तेंदुआ ने किसान पर हमला कर दिया। इसके उपरांत तेंदुआ होने की खबर किसानों द्वारा वन अमले व पुलिस को दी गई थी जहां तेंदुए ने तलाश अभियान के दौरान हंड्रेड डायल व ड्रोन कैमरा पायलट पर हमला कर दिया जिससे वे घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु जिला अस्पताल भेजा गया। खेत में तेंदुआ होने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई जिसे देखने लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा।

दरअसल विगत दो-तीन दिनों से इस क्षेत्र में तेंदुआ देखे जाने की सूचना मिल रही थी, जिसके बाद वन विभाग की टीम लगातार उसकी तलाश कर रही थी बुधवार दोपहर को अरहर के खेत की फसल में छिपे तेंदुए ने किसान पर अचानक हमला कर दिया इसके उपरांत तलाश कर रही टीम के छत्रपाल सिंह लोधी और भल्लू सिंह पर भी हमला कर दिया जिनके हाथ वह शरीर की अन्य जगहों में चोट आई है, जिसके बाद उन्हें तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया।

घायलों को अस्पताल में उपचार के बाद वन विभाग द्वारा एक-एक हजार रुपये की तत्काल सहायता राशि भी प्रदान की गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग और पुलिस का अमला मौके पर पहुंचा और सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। मौके पर मौजूद एसडीओ एमडी मानिकपुरी, रेंजर विक्रम चौधरी, हटा रेंजर ऋषि तिवारी, पटेरा पुलिस एएसआई दिलीप सिंह,हंड्रेड डायल पायलेट राहुल तेंदुए की सटीक लोकेशन का पता लगाने के लिए ड्रोन के माध्यम से सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। इसके अलावा, बाहर से विशेष रेस्क्यू टीम भी बुलाई जा रही है जो जल्द ही बचाव (रेस्क्यू) अभियान शुरू करेगी।

जिला वन मंडल अधिकारी ने कहा कि जमाटा गांव में दो दिन पूर्व तेंदूये के पगमार्क मिले थे। उसके बाद कुडई, सोजना पिपरिया और आस-पास के गांवों के ग्रामीणों के माध्यम से तेंदुएं की सूचना मिली जिसके द्वारा दो लोगो पर हमला भी किया गया। उन्होने ग्रामीणों से धैर्य बनाए रखने और सतर्क रहने की अपील की है। रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा होने तक लोगों को खेतों में अकेले जाने और रात के समय आवाजाही से बचने की सलाह दी गई है।

## अचानक बस रुकने से पीछे आ रही कार टकराई, एक की मौत



हरिभूमि न्यूज ⏩ हटा

बुधवार की शाम हटा दमोह मार्ग पर प्रेमपुरा के समीप एक यात्री बस के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे पीछे आ रही आर्टिका कार बस से टकरा गई जिससे कार में सवार एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई वहीं दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज हेतु अस्पताल में भती कराया गया।

जानकारी के अनुसार हटा लुहारी के बीच प्रेमपुरा के पास दमोह तरफ से आ रही परिहार यात्री बस के ड्राइवर ने अचानक ब्रेक लगा दिया जिससे बस के पीछे आ रही तेज रफ्तार अर्टिगा एमपी 34 टी ए 5701 बस से टकरा गई जिससे कर का आगे का हिस्सा चकनाचूर हो गया। वही कार में बैठे लुहारी निवासी उमेश पिता तुलसीराम पटेल उम्र 29 वर्ष की घटना स्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई वहीं साथी लोकेश पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी दमोह एवं मेवाराम पिता दयाराम उम्र 40 वर्ष निवासी लुहारी गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें उपस्थित लोगों द्वारा तुरंत ही 108 की मदद से सिविल अस्पताल हटा भेजा गया जहां उनका एक उपचार किया जा रहा है हटा पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्यवाही करते हुए शव को पोस्टमार्टम हेतु सिविल अस्पताल भेजा गया एवं हटा पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

## कलेक्टर ने जिला अस्पताल में बैठक में तय की कार्यों की टाइम लाइन

### डायलिसिस मशीन इंस्टालेशन की तैयारी अंतिम चरण में, आउटसोर्स कर्मचारियों की शिकायतों पर बनी कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह

जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए सभी डॉक्टर एवं स्टाफ संकल्पित हैं। इसी उद्देश्य को लेकर कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आज जिला चिकित्सालय में पहुंचकर डॉक्टर्स एवं नर्सिंग स्टॉप की बैठक ली। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटैल, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.रीता चटर्जी सहित डॉक्टर्स एवं स्टॉप मौजूद थे।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया 17 अक्टूबर को उन्होंने जिला अस्पताल का भ्रमण किया था, जिसके दौरान कई बिंदु तय किए गए थे कि अस्पताल में क्या-क्या सुधार कार्य किए जाने हैं। इसके बाद दमोह विधायक श्री जयंत मलैया ने भी अस्पताल का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए थे। उन्हीं निर्देशों के पालन की समीक्षा हेतु आज जिला अस्पताल में सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ एवं सिविल सर्जन के साथ बैठक की। बैठक में तय किया गया कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के भीतर पूर्ण किए जाएं।

कलेक्टर श्री कोचर ने बताया कई कार्य पूरे हो चुके हैं, जबकि कुछ कार्य तेजी से प्रगति पर हैं। सभी कार्यों को टाइमलाइन बनाकर करना प्रारंभ किया है ताकि समय सीमा में कार्य संपन्न हो जाएं। उन्होंने कहा मुझे खुशी है कि डायलिसिस मशीन इंस्टॉल होने की स्थिति बन गई है। इसके साथ ही सीसीटीवी कैमरे भी सभी व्यवस्थित रूप से चालू हैं और उनका पूरा ऑडिट कराया गया है।

कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आउटसोर्स कर्मचारियों से संबंधित बार-बार आने वाली शिकायतों के समाधान के लिए सीएमएचओ और सिविल सर्जन की संयुक्त कमेटी गठित की गई है, जो इन मामलों की समीक्षा कर आवश्यक कार्रवाई करेगी। सिविल सर्जन डॉ. प्रहलाद पटेल ने बताया जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए सभी डॉक्टर एवं स्टाफ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा, कलेक्टर श्री कोचर ने 17 अक्टूबर को जब अस्पताल का भ्रमण किया था, तब हमने आंतरिक मूल्यांकन भी किया था, जिससे कुछ कमियां सामने आईं। अब हम उन्हें चरणबद्ध तरीके से सुधार रहे हैं। यह एक सतत प्रक्रिया है जिसमें अस्पताल सेवाओं को और बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

## खेत में मिला शव, हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏩ दमोह



देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत महर्षि विद्यालय के पीछे खेत में बुधवार सुबह एक व्यक्ति का रक्तरंजित शव मिलने से सनसनी फैलते देर नही लगी थी। सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी वही मृतक की पहचान मुकेश यादव के रूप में हुई थी। जो टंडन परिवार से ठेके पर लिए उपरोक्त खेत में मक्का की खेती भागीदारी में करता था। हत्या की खबर जंगल में आग की तरह फैलते देर नहीं। मुकेश के परिजनों के साथ यादव समाज के लोग जहां बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए वही पुलिस एफएसएल टीम ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इधर एएसपी सुजीत सिंह भदोरिया, सीएसपी एचआर पांडे, देहात थाना प्रभारी रचना मिश्रा ने भी जबलपुर नाका चौकी पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर घटना के साथ परिजनों से जानकारी ली। परिवार के लोगों द्वारा खेती में साझेदार लोगों के द्वारा मुकेश की हत्या कर दिए जाने की आशंका जताए जाने पर पुलिस टीम को आरोपितों की तलाश हेतु गढ़ाकोटा के अहीर पिपरिया गांव रवाना किया गया। मृतक के परिजन पवन यादव ने बताया कि मंगलवार रात मृतक मुकेश का बेटा मोहित अपने पिता को देखने खेत पहुंचा था, जहां उसके पिता अपने कुछ 5-6 पार्टनर के साथ खेत में लगे नीम के पेड़ के नीचे बैठकर हिसाब किताब कर रहे थे। रात में पिता घर नहीं पहुंचे सुबह जब मैं उन्हें देखने के लिए खेत पहुंचा तो नीम के पेड़ के नीचे उनका शव खून से लथपथ हालत में मिला। पास में एक कुल्हाड़ी मिली, एक हिसाब किताब का रजिस्टर और कुछ दस्तावेज पड़े थे। प्रथम दृष्टया मामला हिसाब के दौरान विवाद का सामने आ रहा है। अब पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि खेती की जमीन को मुकेश कुछ साथियों के साथ ठेके पर लिया था, जिसमें मक्का की खेती की थी। मंगलवार शाम मक्का की कटाई के बाद उसे बेचने के लिए भेजा गया था। तभी हिसाब किताब को लेकर विवाद हुआ होगा। क्योंकि हत्या के बाद भी पार्टनर यहां नहीं आए हैं।

नर्मदा जल सप्लाई पांचवें दिन भी ठप

## तेंदूखेड़ा में जल समस्या से जनजीवन अस्त-व्यस्त



हरिभूमि न्यूज ⏩ तेंदूखेडा

नगर में पिछले पाँच दिनों से नर्मदा जल सप्लाई पूरी तरह ठप रहने के कारण नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर के अधिकांश क्षेत्रों में नलों से पानी नहीं आने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। नगरवासी पीने, नहाने और घरेलू उपयोग के लिए पानी की कमी से जूझ रहे हैं। नगर परिषद द्वारा जानकारी दी गई है कि नर्मदा जल लाइन की मरम्मत का कार्य पूरा कर लिया गया है, परंतु लाइन में गंदा पानी आने की वजह से फिलहाल जल सप्लाई को शुरू नहीं किया जा रहा है। परिषद के अनुसार, जल की गुणवत्ता को जांचने के बाद ही नियमित सप्लाई बहाल की जाएगी, ताकि नागरिकों को दूषित पानी से होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। लेकिन लोगों का जीवन इस समय कष्ट में है यह पहली बार नहीं हुआ है लगभग 2 वर्षों से नर्मदा लाइनों का यही हाल है हर 15 दिन में तीन-चार दिन न दो लाइन बंद हो जाती है वहीं दूसरी ओर, नगर के लोगों का आरोप है कि नगर परिषद जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। नागरिकों का कहना है कि पिछले पाँच दिनों से नल सूखे पड़े हैं और प्रशासन केवल आश्वासन दे रहा है, जबकि टैंकरों के माध्यम से सीमित मात्रा में पानी की आपूर्ति की जा रही है, जो पर्याप्त नहीं है। कई इलाकों में तो टैंकर भी समय पर नहीं पहुंच पा रहे, जिससे हालात और गंभीर होते जा रहे हैं। नगरवासियों की मांग है कि पूर्व की तरह नियमित रूप से नर्मदा जल सप्लाई तत्काल बहाल की जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि लाइन में समस्या है तो वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि आमजन को राहत मिल सके। लोगों का नर्मदा जल लाइन पर भरोसा अब कमजोर पड़ने लगा है, क्योंकि बार-बार इस तरह की समस्या से परेशानियाँ बढ़ रही हैं। नगरवासियों ने नगर परिषद से आग्रह किया है कि जल्द से जल्द स्वच्छ जल की सप्लाई शुरू की जाए और भविष्य में इस तरह की स्थिति न बने, इसके लिए स्थायी समाधान खोजा जाए। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र व्यवस्था नहीं सुधरी, तो वे सामूहिक रूप से आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इनकम कहना है नगर परिषद सीएमओ पीयूष अग्रवाल का कहना है कि मंगलवार को नर्मदा लाइन की कर्मचारियों ने लाइन में सुधार कर लिया है। पानी भी नगर में आ गया है लेकिन पानी गंदा आने की वजह से पानी सप्लाई नहीं की गई है साफ पानी आने के बाद ही सप्लाई की जाएगी। साथ ही नगर की पूर्व नगर परिषद की लाइनों को व्यवस्थित कर इमरजेंसी के लिए तैयार किया जा रहा है ताकि आगे लोगों को परेशानी ना हो।

### पटटाचार्य श्री विशुद्धसागर जी की तेंदूखेडा में हुई आगवानी

**तेंदूखेड़ा।** नगर में सुबह 9 बजे चर्याशिरोमणि पटटाचार्य 108 श्री विशुद्धसागर जी महाराज का ससंघ 27 पिच्छी की भव्य आगवानी की गई। साथ ही नगर भगवान शांतिनाथ जिनालय में पटटाचार्य जी के मंगल प्रवचन हुए साथ ही लगभग 11 बजे अहारचर्या हुई। सामायक के बाद नवीन जिनालय भगवान पार्शवनाथ के दर्शन कर लगभग 3 बजे पटटाचार्य ससंघ का सागर की ओर विहार हुआ। जिसमें रात्रि विश्राम ग्राम बगदरी में हुआ आज सुबह सम्पूर्ण संघ की अहारचर्या ग्राम झापन में होगी। बताया जा रहा है कि सागर में पंचकल्याणक होना है जिस कारण संसघ सागर पहुंच रहे है। लगभग 15 नबम्वर को पहुचने संभावना है।

## नरसिंहगढ में समवशरण महामंडल विधान व वेदी प्रतिष्ठा का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏩ नरसिंहगढ

। नरसिंहगढ़ के भगवान पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में श्री मज्जिनेंद्र समवशरण महामंडल विधान एवं भव्य बेदी प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन मुनि श्री 108 समत्व सागर जी महाराज एवं मुनि श्री 108 शील सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में दिनांक 10 नवंबर से 14 नवंबर तक हो रहा है। मुनि श्री के मंगल अमृत प्रवचन का आयोजन प्रति दिन किया जा रहा है जिसमें दमोह सागर, जबलपुर, छतरपुर टीकमगढ़, कटनी, नरसिंहगढ़, सहित फुटेरा, बतियागढ़, हटा, पटेरा, पथरिया, जबेरा, तेंदूखेड़ा दमोह से आकर जैन धर्मावलंबियों ने महाराज जी के सत्संग प्रवचन सुनकर अपने भाग्य को धन्य कर धर्म लाभ अर्जित किया। तथा रात्रि में इन्द्र इंद्राणी द्वारा बहुत ही धार्मिक नाटक का मंचन किया जिसे देखने लोगो की बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। ग्राम नरसिंहगढ़ में छतरपुर रोड पर भगवान पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर के अध्यक्ष राजकुमार जैन ने सभी धर्म प्रेमियों से आयोजन में सम्मिलित होकर धर्म लाभ लेने के लिए आग्रह किया। इस अवसर पर ग्राम नरसिंहगढ़ के सरपंच राजेंद्र विदौल्या ने भी सहयोग दिया व ग्राम के प्रमुख धर्म प्रेमियों ने धर्म लाभ अर्जित किया। कार्यक्रम के विशेष संयोजक धर्मेंद्र जैन, विपिन जैन, विजय जैन, अभय जैन एवं समस्त सकल जैन समाज का तन मन धन से सहयोग रहा है।

तस्वीर में साफ देखा जा सकता है कि, पानी की टंकी कहीं दिखाई नहीं दे रही है

# नवनिर्मित मूत्रालयों में नहीं है पानी की व्यवस्था, बदबू से लोग परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏩ गेसाबाद



ग्राम पंचायत द्वारा ठेका पर देकर बनाए गए दो मूत्रालय जिसमें एक आजाद चौक बलैह रोड पर बनाया गया जहां पर एक बहुत पुरानी पानी की टंकी बनी हुई थी। उसी टंकी को काटकर थोड़ी बहुत दीवाल उठाकर बहुत छोटी साइज के दो मूत्रालय बनाए गए हैं। इसी तरह चंडी माता चौक उपस्वास्थ्य केंद्र के मेन गेट के बाजू से जहां से लोगों का आना-जाना होता है। वहीं पर दो छोटे-छोटे मूत्रालयों का निर्माण कराया गया। अस्पताल के गेट के बगल से बनाए गए यह मूत्रालय लोगों को सुविधा की जगह आसुविधा पैदा कर रहे हैं। लोगों ने हरिभूमि को बताया कि मूत्रालयों में ना तो टाइल्स लगाए गए हैं और ना ही पानी की कोई व्यवस्था की गई है। यह मूत्रालय इतने छोटे हैं कि ठीक तरह से अंदर खड़े होते भी नहीं बनता है ऊपर से इसके दरवाजे अंदर की ओर खुलते हैं जिससे बहुत परेशानी होती है। ग्रामीणों ने बताया कि पानी की व्यवस्था नहीं होने से गंदगी और बदबू से हम लोग परेशान हो जाते हैं। टॉयलेट की तस्वीर को देखकर आप स्वयं अंदाजा लगा सकते हैं की टॉयलेट में पानी की टंकी कहीं दिखाई नहीं दे रही है। अंदर टाइल्स नहीं लगाए जाने से गंदगी फैल रही है। टॉयलेट में यूनियर भी नहीं लगाया गया है। अस्पताल के गेट के बगल से बनाए गए मूत्रालय की वजह से अस्पताल आने जाने वाली महिलाओं को असुविधा होती है एवं बदबू के कारण मरीज भी परेशान होते हैं, ग्रामीण जनो ने जनता की सुविधा के लिए बनाए गए। मूत्रालयों में पानी की व्यवस्था किए जाने एवं टॉयलेट के अंदर टाइल्स लगाए जाने की मांग की है। इस मामले पर जब कुछ दिन पूर्व पंचायत सचिव कदीर खान से हरिभूमि ने बात की थी तो उन्होंने कहा था कि दीपावली के पहले नवनिर्मित टॉयलेटों में सुधार करा कर पानी की व्यवस्था कराई जाएगी। लेकिन आज तक कोई सुधार कार्य नहीं हुआ। गौरतलब है कि ग्राम का मेन बस स्टैंड बंजारी चौक जहां पर बसे रूकती है यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है वहां पर यात्रियों की सुविधा के लिए एक भी मूत्रालय नहीं है जिससे यात्रियों को भारी सुविधा होती है।

## कारण बताओ नोटिस जारी

**दमोह।** शासकीय आवास रिक्त करने के लिये कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने शासकीय आवास क्रमांक एच-5 में रह रहे उत्कृष्ठ विद्यालय दमोह के शिक्षक आरपी सिंह को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जारी आदेश में कहा गया है कि शिक्षक आरपी सिंह ने अभी तक शासकीय आवास रिक्त नहीं किया जा रहा है, तत्संबंध में निरंतर शिकायत कलेक्टर कार्यालय को प्राप्त हो रही है। इनके स्वयं के अथवा पत्नी के नाम दमोह जिला मुख्यालय में आवास होने की सूचना भी कलेक्टर कार्यालय को प्राप्त हुई है। अतएव श्री सिंह का उक्त कृत्य म.प्र.आवास आबंटन नियमों के प्रतिकूल है, श्री सिंह तत्काल शासकीय आवास गृह क्रमांक एच-5 रिक्त किया जाकर उक्त आशय की सूचना तत्काल कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाये। शासकीय आवास गृह समय सीमा में रिक्त नहीं किये जाने पर मध्यप्रदेश आवास आवंटन नियमों के तहत बेदखली की कार्यवाही की जायेगी एवं बाजार दर से किराये की राशि वसूल की जायेगी जिसके लिये श्री सिंह स्वयं जवाबदेह होंगे।

### 6397 बच्चों को किया टीकाकृत

**दमोह।** जिले में यह सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे, विशेष टीकाकरण अभियान के प्रथम चरण का सफल संचालन किया गया। यह अभियान 27 अक्टूबर से 08 नवंबर दौरान चलाया गया,जिसमें एएनएम, आशा एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता के समन्वित सहयोग से 6397 बच्चों को टीकाकृत किया गया। विकासखंड पटेरा में ड्यू लिस्ट के अनुसार सर्वाधिक 92.96 प्रतिशत बच्चों को टीकाकृत किया गया। त्यौहारों में पलायन से वापस लौटे बच्चों एवं किसी कारणवश पूर्व में टीकाकरण से वंचित रह गये बच्चों के टीकाकरण पर विशेष बल दिया गया।

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सौरभ,गौरव पिता श्री महेश ताम्रकार वार्ड क्रमांक 01 ग्राम पटेरा का निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 307 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 307 वार्ड क्रमांक 01 श्री महेश ताम्रकार पिता श्री रामप्रसाद ताम्रकार का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 12/11/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**इस्तहार**

एतत द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति मधुलता सोनी पति श्री दुर्गेश सोनी वार्ड क्रमांक 11 ग्राम पटेरा की निवासी है। आवेदक द्वारा भूमि क्रमांक/भवन क्र 112 का हस्तांतरण स्वीकृति हेतु दस्तावेज किये गये है। जो म.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 150 के तहत प्रस्तुत किया गया है। भूमि क्रमांक / भवन क्र 112 वार्ड क्रमांक 06 श्री चक्रेश बडकुल पिता श्री बालचंद बडकुल का नाम दर्ज चला आ रहा है। उक्त भवन प्लाट के हस्तातरण में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो वह आपने स्वामित्व संबंधी अभिलेख के साथ इस्तहार म्याद के पूर्व जमा कर सकते है। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्तियों पर सुनवाई नहीं की जावेगी दिनाक 12/11/25 को 15 दिवसीय इस्तहार मेरे हस्ताक्षर से जारी किया जाता है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पटेरा, जिला दमोह**

**न्यायालय तहसीलदार पटेरा**
**जिला दमोह**

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

रा.प्र. क्रमांक 0020/अ-20(3)/2025-26
पटेरा दिनांक 10/11/2025

एतद द्वारा ग्राम पटेरा खास की आम जनता को सूचित किया जाता है कि शाला प्रभारी पी.एम. श्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पटेरा ने अपने पत्र क्रमांक 2025/136 दिनांक 02/09/2025 के द्वारा श्रीमान कलेक्टर महोदय को ऑनलाईन आवेदन पत्र 0811280703029-APP-28981484 प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि मौजा पटेरा स्थित भूमि खसरा नं. 591/1 रकवा 38.27 हे. में से 080 है. भूमि अतिरिक्त कक्ष के निर्माण हेतु भूमि आवंटन की मांग की गई है। जो म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 के अनुसार समस्त कार्यवाहियां पूर्ण कर जॉच प्रतिवेदन भेजे जाने हेतु प्राप्त हुआ है। अतः उक्त आवेदित भूमि पी.एम. श्री शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय पटेरा को अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु भूमि आवंटित किए जाने के संबंध में किसी संस्था अथवा किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो वह दिनांक 26/11/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता हैं। बाद म्यांद पेशी गुजर जाने पर किसी पक्ति या दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 10/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**पटेरा**